**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS- । नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । मंगलवार, 2 जनवरी 2024

# डीडीए लैंड पूलिंग स्कीम एरिया में बिजली के नए कनेक्शन पर रोक

Sudama.Yadav@timesgroup.com

■ डीडीए ने जिस एरिया को लैंड पूलिंग स्कीम के लिए चिह्नित किया है, उन इलाकों में नए मकान बनाने वाले परेशान हैं। इन इलाकों में बिजली वितरण कंपनियां मकान मालिकों को नए कनेक्शन ही नहीं दे रही हैं। बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में चार-पांच महीनों में बिजली के नए कनेक्शन के 229 आवेदन पेंडिंग की रिपोर्ट टाटा पावर (डीडीएल) ने तैयार की है। बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव झा का कहना है कि पेंडिंग आवेदनों की संख्या इससे कई गुना अधिक हैं। उत्तम नगर विधानसभा एरिया और विकासपुरी विधानसभा एरिया में भी नए कनेक्शन के हजारो आवेदन इसी वजह से पेंडिंग हैं।



- बुराड़ी विधानसभा एरिया में 200 -300 नए कनेक्शन पर रोक लगाई
- उत्तम नगर विधानसभा क्षेत्र में भी करीब 5 हजार कनेक्शन पर लगी रोक

## एक विधानसभा एरिया में ही 3-4 हजार कनेक्शन पेंडिंग

बुराड़ी के विधायक संजीव झा के अनुसार उनके विधानसभा क्षेत्र में बिजली के करीब 3-4 हजार बिजली कनेक्शन पेंडिंग है। बिजली वितरण कंपनी टाटा पावर (डीडीएल) से भी इस संबंध में रिपोर्ट मांगी गई थी। इसमें कंपनी ने बताया है कि 229 आवेदन पेंडिंग है। लेकिन, पेंडिंग आवेदनों संख्या पूरे विधानसभा में इससे कई गुना ज्यादा है। यह तो वह मामला है, जिसमें बिजली वितरण कंपनी ने आवेदन स्वीकार कर लिया और कनेक्शन नहीं दिया। लेकिन, ऐसे आवेदनो की संख्या इससे कई गुना अधिक है, जिसमें बिजली वितरण कंपनी ने आवेदन करते ही उसे अस्वीकार कर दिया। कुल मिलाकर पूरे विधानसभा क्षेत्र में बिजली के नए कनेक्शन के करीब 3-4 हजार मामले पेंडिंग हैं। विधायक का कहना है कि डीडीए ने पीएम उदय योजना के तहत अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को मालिकाना हक देने का प्लान बनाया है, उस योजना के तहत डीडीए ने कॉलोनियों की बाउंड्री तय की है। जो खसरा या मकान उस बाउंड्री में नहीं आ रहे हैं, उन्हें बिजली कनेक्शन ही नहीं दिया जा रहा है।

### 'DDA की NOC के बाद ही कनेक्शन जारी हो रहा है'

बिजली वितरण कंपनी टाटा पावर (डीडीएल) ने जो जानकारी दी है, उसमें कहा गया है कि डीडीए के लैंड पूलिंग स्कीम के अंदर आने वाले क्षेत्रों में बिजली कनेक्शन जारी नहीं किए जा रहे हैं। ऐसे क्षेत्रों में डीडीए जिन आवेदकों के आवेदन पर एनओसी दे रहा है, उसे ही कनेक्शन जारी किया जा रहा है। लोगों की शिकायत है कि यह समस्या सिर्फ बुराड़ी में ही नही है, बल्कि उत्तम नगर विधानसभा क्षेत्र, विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र के विकास विहार, हस्तसाल गांव सहित कई इलाकों में है। बिजली कनेक्शन न मिलने से लोग काफी परेशान है।

## दिल से दिल्ली



### सीपी में केरल क्लब

इंडियन एक्सप्रेस, दि ट्रिब्यून और हिन्दुस्तान टाइम्स के संपादक रहे ए.जे. फिलिप गुजरे कई दशकों से भारतीय विद्याभवन में पत्रकारिता पढ़ा रहे है। वे उन गिने-चुने लेखकों में से हैं, जो सोशल वर्क में भी बहुत समय देते हैं। उन्ही की कोशिशों से केरल कलब में दिल्ली के मशहूर गांधी नेता सी.के. नायर का चित्र लगा। वे 1952 के पहले लोकसभा चुनाव में बाहरी दिल्ली सीट से निर्वाचित हुए थे। दिल्ली उन्हें गांवों का गांधी कहती थी। नायर साहब की दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को स्थापित करने में अहम भूमिका रही थी। वे लोकसभा के 1957 में हुए चुनाव मे भी जीते थे। फिलिप साहब सरकार से लगातार मांग कर रहे हैं कि सी.के. नायर के नाम पर राजधानी में किसी सड़क का नाम रखा जाए। *कब से केरल क्लब दिल्ली में* ▸▸ पेज 5

देखें हमारी वेबसाइट
nbtdilsedilli.com

## दिल से दिल्ली

### कब से केरल क्लब दिल्ली में

केरल क्लब 1939 में दिल्ली मे रहने वाले मलयालियों ने शुरू किया था। इसके पहले अध्यक्ष बने थे वी.पी. मेनन, जो सरदार पटेल के खासमखास थे। उन्होंने राजे-रजवाड़ों को भारत से मिलवाने में अहम रोल निभाया था। इस बीच, केरल क्लब के अलावा राजधानी में केरल का अन्य बड़ा प्रतीक त्रावणकोर हाउस को माना जा सकता है। इसे कोच्चि हाउस भी कहा जाता है। त्रावणकोर के महाराजा का यह निवास कस्तूरबा गांधी मार्ग पर स्थित भारतीय विद्या मंदिर स्कूल के पास है। इसका निर्माण 1930 में किया गया था। त्रावणकोर हाउस में एक आर्ट गैलरी भी है। इसके करीब ही है केरल स्कूल। केरल के शिखर नेता ईएमएस नंबूदरिपाद ने राजधानी के पहले केरल स्कूल का 1957 में उद्घाटन किया था। फिलिप साहब कहते हैं कि राजधानी के मलयाली समाज के महत्वपूर्ण प्रतीकों में साउथ दिल्ली के रामा कृष्ण पुरम का अंयप्पा मंदिर भी है।

देखें हमारी वेबसाइट
nbtdilsedilli.com

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
TUESDAY, JANUARY 2, 2024

# Nehru Place Market Set To Come Closer To Metro

## Skywalk, Planned 5 Years Ago, Nears Completion

Siddhanta.Mishra
@timesgroup.com

Sanjeev Rastogi



CONNECTING PEOPLE

**New Delhi:** The skywalk at south Delhi's Nehru Place, planned five years ago to connect the concourse of the Delhi Metro station with the market's central plaza, is nearly complete and may be inaugurated soon, said Delhi Development Authority (DDA) officials.

Once the skywalk, part of the Nehru Place redevelopment project, opens, commuters will be able to cross the busy Astha Kunj Road to reach the Nehru Place District Centre without climbing down from the elevated station.

Prior to the G20 Summit, the barricading around the skywalk was removed. The road was also cleaned and carpeted, and trees and saplings planted on the central verge. The revamp of the Nehru Place market will be completed by the end of March 2024.

The skywalk seems almost ready and a roof has also been constructed to shade people from sunlight and rain. "The skywalk will be inaugurated soon, it's almost ready," said a DDA official. However, he did not share any detail on the date of opening.

The skywalk is likely to solve a lot of traffic congestion problems in the area. During peak hours, the stretch almost regularly faces traffic snarls as vehicles start coming out of the parking lots on both sides. Besides heavy pedestrian movement due to the market, the area also houses offices of many private companies, leading to a flow of two- and four-wheelers during peak hours.

**The skywalk seems almost ready and a roof has also been constructed to shade people from sunlight and rain, said a DDA official**

Skywalks and foot overbridges have proven to be a viable infrastructure intervention to regulate the movement of pedestrians on busy stretches in different parts of the city. The Nehru Place skywalk is likely to have lifts or escalators to help people with disabilities. A similar skywalk connects the Supreme Court Metro Station to nearby areas at ITO, a busy traffic intersection.

The overall upgradation of the Nehru Place market began in December 2019 after the erstwhile South Delhi Municipal Corporation said it had no objection to the DDA project. The restoration involves improving the building facades, boosting the drainage, sewer system, installing tiles and overhauling the staircases. Ten toilet blocks are also being constructed.

हिन्दुस्तान
नई दिल्ली, मंगलवार, 2 जनवरी 2024

# 18 हजार से अधिक डीडीए फ्लैटों का पंजीकरण

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के पहले आओ पहले पाओ आवासीय योजना के तहत निकाले गए फ्लैटों की बुकिंग प्रक्रिया जारी है। अब तक 4 हजार से अधिक फ्लैटों को आवेदनकर्ताओं ने बुक कराया है। इसके अलावा लगभग 18 हजार फ्लैटों का आवेदनकर्ताओं ने पंजीकरण कराया है। योजना के तहत कुल 30,592 फ्लैटों के लिए पंजीकरण व बुकिंग प्रक्रिया जारी है।

# डीडीए ने पतंग उत्सव की तैयारियां तेज की

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) इस माह मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग उत्सव का आयोजन करने जा रहा है। इस संबंध में डीडीए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। डीडीए के अधिकारियों के अनुसार इस उत्सव में पतंग उड़ाने की प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। 100 से अधिक प्रतिभागियों के इस उत्सव में शामिल होने की उम्मीद है। साथ ही इसमें विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। जिसमें लोग अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। यमुना डूब क्षेत्र के इलाके को उत्सव के आयोजन के लिए चिन्हित किया गया है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

2 दैनिक जागरण नई दिल्ली, 2 जनवरी, 2024

# कालोनियां पक्की करने के लिए लेआउट प्लान तैयार

निहाल सिंह • नई दिल्ली

- कालोनियों में छह मीटर, नौ मीटर और 12 मीटर की सड़कों का बनाया रोड नेटवर्क प्लान
- लागू हुआ लेआउट प्लान, तो कई मकानों के हिस्सों को तोड़कर चौड़ी की जाएंगी सड़कें
- दिल्ली नगर निगम ने 30 जनवरी तक शहर वासियों ने मांगे सुझाव



प्लान में न्यूनतम छह मीटर व अधिकतम 12 मीटर चौड़ी सड़कें बनाने की योजना • जागरण

दिल्ली में करीब दो हजार अनधिकृत कालोनियों को नियमित करने की दिशा में दिल्ली नगर निगम ने तीन कालोनियों स्वरूप नगर, ईस्ट आजाद नगर और खिड़की एक्सटेंशन से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर नियमतीकरण की योजना बनाई है। इसके तहत स्कूल आफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) से लेआउट प्लान तैयार करा लिए हैं। इन लेआउट प्लान के तैयार होने के बाद निगम ने वेबसाइट पर नागरिकों से सुझावों लेने के लिए अपलोड कर दिया है।

30 जनवरी तक निगम के टाउन प्लानिंग विभाग को लोग सुझाव दे सकते हैं। अगर यह लागू हुआ, तो नए लेआउट प्लान को अमल में लाने के लिए रोड नेटवर्क प्लान लागू किया जाएगा। इसमें न्यूनतम छह मीटर और अधिकतम 12 मीटर चौड़ी सड़कें बनाने की योजना है। प्लान लागू होने पर कई मकानों को पांच से 51 प्रतिशत तक तोड़कर सड़कें चौड़ी होंगी।

निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि डीडीए ने नए ले आउट प्लान के तहत रोड नेटवर्क प्लान (आरएनपी) एसपीए से तैयार कराया है। इसे दिल्ली नगर निगम को लागू करने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि इन इलाकों को अगर नियमित किया जाना है, तो मास्टर प्लान के तहत इतनी तो व्यवस्था करनी होगी कि कम से कम आपात स्थिति में दमकल और अन्य एजेंसियों के वाहन निकल सकें। इसके लिए न्यूनतम छह से लेकर नौ मीटर और 12 मीटर सड़कों को चौड़ा करने का प्रस्ताव किया गया है। आरएनपी के तहत कालोनी के प्रत्येक संपत्ति की मार्किंग की गई है। साथ ही यह भी तय किया गया है कि कितने प्लाट हैं और कितने चौड़े व बड़े हैं। इस आरएनपी को अगर, लागू किया गया तो कितनी संपत्तियां इससे प्रभावित होंगी। इसमें कई संपत्तियां ऐसी हैं, जो प्रभावित होंगी। इसके साथ ही कालोनी में दिल्ली जल बोर्ड के कार्यालय से लेकर पुलिस स्टेशन, सरकारी स्कूल और स्टेडियम तक बनाने के भी प्रस्ताव रिक्त भूमि पर हैं।

नई दिल्ली, 2 जनवरी, 2024 दैनिक जागरण


# डीडीए के लिए खास रहेगा यह साल, मिलेंगी कई सौगात

संजीव गुप्ता • नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के लिए वर्ष 2024 उपलब्धियों भरा हो सकता है। इस साल राजधानी को अनेक नई सौगातें मिलेंगी। इनमें स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, गोल्फ कोर्स, भारत वंदना पार्क एवं बांसेरा के कन्वेंशन सेंटर सहित क्रिकेट और फुटबाल स्टेडियम शामिल हैं।



द्वारका सेक्टर-24 में चल रहा 18 होल का गोल्फ कोर्स बनाने का कार्य • सौ. डीडीए



भारत वंदना पार्क में तैयार की जा रही है कई महत्वपूर्ण स्मारकों की प्रतिकृति • सौ.डीडीए

**भारत वंदना पार्क** : मार्च 2024 तक राजधानी का सबसे बड़ा भारत वंदना पार्क बन कर तैयार हो जाएगा। द्वारका में बन रहे इस अनूठे पार्क को मिनी भारत की छवि के तौर पर तैयार किया जा रहा है। इसमें विभिन्न राज्यों के महत्वपूर्ण स्मारकों की हूबहू प्रतिकृति दिखेगी। 220 एकड़ में बन रहा यह पार्क 524 करोड़ रुपये के खर्च से तैयार किया जा रहा है। इसमें अलग-अलग जोन के अलावा सांस्कृतिक और एडवेंचर स्पोर्ट की सुविधा उपलब्ध होगी। पार्क पूरी तरह इको फ्रेंडली होगा। इसमें वर्षा जल संचयन एवं सौर ऊर्जा उत्पादन को शामिल किया गया है। द्वारका सेक्टर-20 में बन रहा यह पार्क कमल के फूल की आकृति वाला होगा। दिसंबर 2019 में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसका शिलान्यास किया था। इसे मार्च 2022 तक तैयार होना था लेकिन कोरोना लाकडाउन की वजह से निर्माण में देरी आई। अब एलजी वीके सक्सेना की निगरानी में पार्क का काम तेजी से चल रहा है। पार्क की खासियत यह है कि यहां दूसरे राज्यों के जो स्मारक दिखाए गए हैं उसे तैयार भी मिलती-जुलती निर्माण सामग्री से ही किया गया है। पार्क में इको फारेस्ट जोन के अलावा कुछ झीलें भी होंगी। यहां पर ओडिशा का सूर्य मंदिर, हैदराबाद का चारमीनार, काशी विश्वनाथ मंदिर और बनारस के घाट, अजंता एलोरा की गुफाएं, विक्टोरिया मेमोरियल, गोलघर, हवा महल आदि के प्रतिरूप देखने को मिलेंगे।

**मिलेंगे कई नए स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, नया गोल्फ कोर्स** : डीडीए नए साल में पांच स्पोर्ट्स कांप्लेक्स जनता के लिए शुरू कर देगा। इनमें से चार द्वारका और एक रोहिणी में होगा। सेक्टर-24 में 18 होल का गोल्फ कोर्स भी डीडीए इसी वर्ष पूरा कर देगा। यह गोल्फ कोर्स 166 एकड़ जगह में बना है। 152.47 करोड़ रुपये की इस परियोजना का काम अंतिम चरण में है। द्वारका सेक्टर-23, द्वारका सेक्टर- आठ और द्वारका सेक्टर-19 में भी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स अगले साल पूरे हो जाएंगे। रोहिणी का सेक्टर-33 का स्पोर्ट्स कांप्लेक्स भी अगले साल तक पूरा हो जाएगा। डीडीए के अनुसार इनमें से सभी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के ढांचागत विकास का काम लगभग पूरा हो चुका है। द्वारका सेक्टर- आठ में 23.3 एकड़ का स्पोर्ट्स कांप्लेक्स 66.75 करोड़ रुपये से तैयार हो रहा है। यह सेंटर आफ एक्सीलेंस रहेगा। इसमें रेसलिंग, वेटलिफ्टिंग, बॉक्सिंग, जूडो और कबड्डी की सुविधा होगी। द्वारका सेक्टर-23 में 17.5 एकड़ का स्पोर्ट्स कांप्लेक्स 39.67 करोड़में तैयार हो रहा है। यह फुटबाल व हाकी का सेंटर आफ एक्सीलेंस रहेगा। द्वारका सेक्टर-19 में 19.9 एकड़ में 81.79 करोड़ रुपये से स्पोर्ट्स कांप्लेक्स तैयार हो रहा है। यह टेनिस और शूटिंग का सेंटर आफ एक्सीलेंस रहेगा। रोहिणी के सेक्टर-33 में 22.82 एकड़ में बन रहा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स 109.51 करोड़ रुपये में तैयार हो रहा है। इसमें ओलिंपिक साइज का स्वीमिंग पूल होगा।

**इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कांप्लेक्स** : राजधानी का सबसे बड़ा इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कांप्लेक्स भी द्वारका सेक्टर-19 बी में इसी साल शुरू हो जाएगा। इसमें तीन हजार लोगों के बैठने की क्षमता वाला क्रिकेट और फुटबाल स्टेडियम होगा। इनडोर मल्टी स्पोर्ट्स फेसिलिटी भी होगी। साथ ही डीडीए बांसेरा में मिनी कनवेंशन हाल भी डीडीए बना रहा है।

**मास्टर प्लान 2041** : डीडीए के मास्टर प्लान-2041 में अब काफी विलंब हो रहा है। अब यह लगभग तय हो चुका है और नए साल में यह आ जाएगा। ड्राफ्ट मास्टर प्लान 2041 में दिल्ली में विकास का जो खाका खींचा गया है उससे राजधानी की आर्थिकी में काफी सुधार आने की उम्मीदें हैं।